हरियाणा को मिला 8 नए प्रोजेक्ट्स का तोहफा

चर्चा में क्यों?

23 अगस्त, 2023 को हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने बताया कि नई दिल्ली में ‘नेशनल कैपिटल रीजन प्लानिंग बोर्ड’(एनसीआरपीबी) के ‘प्रोजेक्ट सेक्शनिंग एंड मॉनिटरिंग ग्रुप -1’ की 63वीं बैठक हुई है, जिसमें हरियाणा को करीब 461 करोड़ रुपए के 8 नए प्रोजेक्ट्स का तोहफा दिया गया।

प्रमुख बिंदु

- उपमुख्यमंत्री, जिनके पास पीडब्ल्यूडी विभाग का प्रभार भी है, ने नए प्रोजेक्ट्स की जानकारी देते हुए बताया कि इन 8 प्रोजेक्ट्स में 4 बड़े राजमार्गों का मजबूतीकरण, 2 नए फ्लाईओवर तथा 2 नए रेलवे ओवर ब्रिज शामिल हैं।
- विदित है कि किसी भी राज्य की प्रगति का रास्ता सड़क मार्ग और रेल मार्ग से होकर गुजरता है और प्रदेश सरकार इन दोनों ही मार्गों के बुनियादी ढाँचे को सुदृढ़ करने के लिये कृतसंकल्प है।
- इन प्रोजेक्ट्स के तहत ‘महम से कलानौर एवं आगे बेरी गाँव’तक सड़क को मज़बूत किया जाएगा, जिस पर लगभग 51.62 करोड़ रुपए खर्च होंगे।
- इसी प्रकार झज्जर से कोसली रोड़ के मज़बूतीकरण पर 60.89 करोड़ रुपए, नूँह-पलवल रोड के सुधारीकरण पर 137.57 करोड़ रुपए तथा रोहतक-खरखौदा-दिल्ली बॉर्डर रोड के मज़बूतीकरण पर 19.46 करोड़ रुपए खर्च किये जाएंगे।
- रोहतक में ओल्ड एनएच-71ए पर सुखपुरा चौक पर नया फ्लाईओवर बनाया जाएगा, जिस पर 65.88 करोड़ रुपए की लागत आएगी।
- इसी प्रकार पानीपत में ‘पानीपत-सफीदों-जींद-भिवानी रोड’पर ‘कैरियर लाइन्ड चैनल’के साथ-साथ नए फ्लाईओवर का निर्माण किया जाएगा, इस फ्लाईओवर पर 26.47 करोड़ रुपए खर्च होंगे।
- पानीपत में ‘जींद-पानीपत रेलवे सेंक्शन’पर 73.24 करोड़ रुपए की लागत से नया रेलवे ओवरब्रिज बनाया जाएगा। इसके अलावा, पानीपत ज़िले में वर्तमान रेलवे ओवरब्रिज के साथ-साथ ‘पानीपत जीटी रोड से डाहर’की ओर एक नया फ्लाईओवर का निर्माण किया जाएगा।
- प्रदेश सरकार राज्य के लोगों की सुविधा के लिये आवश्यकता के अनुसार सड़क मार्ग को चौड़ा और मज़बूत कर रही है, जहाँ पर फ्लाईओवर या रेलवे ओवरब्रिज की ज़रूरत महसूस होगी, वहाँ पर प्राथमिकता से बनाए जाएंगे

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/haryana-got-the-gift-of-8-new-projects-1